New Beginning

MASTERMIND

# हिन्दी

सहायक-पुस्तिका

1-5



# 1. ईश वंदना

**अभ्यास निरंतर समीक्षा**

**क. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए–**

1. वर्षा हो **रही है**।
2. तारे चमक **रहे हैं**।
3. आओ गाना **गाएँ**।
4. भगवान् सबका ध्यान **रखता है**।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. चाँद रात को चमकता है।
2. तारे आसमान में दिखाई देते हैं।
3. वर्षा बादल लाते हैं।
4. दुनिया का दुख ईश्वर हरता है।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. आकाश – पक्षी **आकाश** में उड़ते हैं।
2. बादल – **बादल** गरज रहे हैं।
3. वर्षा – **वर्षा** हो रही है।
4. धरती – हम सब **धरती** पर रहते हैं।
5. सुंदर – मोर **सुंदर** पक्षी है।
6. भगवान– **भगवान** की प्रार्थना करनी चाहिए।

# 2. बुद्धिमान खरगोश

**अभ्यास निरंतर समीक्षा**

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (अ) बाघमरा के जंगल में
2. (ब) खूंखार
3. (अ) सियार
4. (अ) शेर

**ख. किसने कहा और किससे कहा?**

1. शेर ने सियार से कहा
2. सियार ने खरगोश से कहा
3. खरगोश ने सियार से कहा

**ग. उत्तर बताइए–**

1. बाघमारा के जंगल में एक शेर रहता था। वह बहुत खूंखार था। किसी भी जानवर को देखते ही वह उसे दबोच लेता था। जंगल के सभी जानवर उससे डरकर छिपे रहते थे।
2. जंगल में एक सियार भी रहता था। सियार शिकार में शेर की मदद करता था।
3. एक दिन शेर और सियार भूखे बैठे थे। उन्हें दूर से एक खरगोश आता दिखाई पड़ा। सियार ने कहा–"वनराज! एक खरगोश आ रहा है। नजीद आते ही उसे झपट कर पकड़ लीजिए।
4. खरगोश सियार के पास आया और उससे रोने का कारण पूछा।
5. खरगोश को संदेह हुआ। वह बोला–"मुझे लगता है कि शेर काका अभी जीवित हैं। देखो न, इनकी पूँछ तो हिल ही नहीं रही है। मरे जानवर की तो पूँछ हिलती रहती है।"

शेर खरगोश की सारी बातें सुन रहा था। वह लगा अपनी पूँछ हिलाने। हिलती पूँछ देखकर खरगोश सचेत हो गया और वहाँ से भाग निकला। बेचारे शेर और सियार पछताते रहे गए।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. अनुस्वार ( ं ) या अनुनासिक ( ँ ) की मात्रा लगाकर शब्द बताइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जगल | **जंगल** | 6. | खूंखार | **खूँखार** |
| 2. | पूछ | **पूँछ** | 7. | पकज | **पंकज** |
| 3. | चाद | **चाँद** | 8. | मगल | **मंगल** |
| 4. | सास | **साँस** | 9. | पत्तिया | **पत्तियाँ** |
| 5. | उन्हे | **उन्हें** | 10. | सभालना | **संभालना** |

**ङ. सही शब्दों पर निशान लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जगंल | जंगल ✓ | जनावर | जानवर ✓ |
| महाराज ✓ | महारज | कमजोर ✓ | कमजेर |
| वनराज ✓ | वनराज | जिंदा | जिंदा ✓ |
| जरा ✓ | जरा | जलदी ✓ | जल्दी |
| शैर | शेर ✓ | पुँछ | पूँछ ✓ |

## 3. कबरा की समझदारी

**अभ्यास निरंतर समीक्षा**

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (अ) कबरा
2. (अ) नहर के तट पर
3. (अ) काफी तेज
4. (ब) राकेश ने

**ख. रिक्त स्थान भरिए–**

1. राकेश के कुत्ते का नाम **कबरा** था।
2. राकेश **नहर** में स्नान करने लगा।
3. कबरा ने राकेश की चीख **सुनी**।
4. उसने राकेश के बाल **पकड़ लिए**।

**ग. उत्तर बताइए–**

1. राकेश के कुत्ते का नाम कबरा था।
2. नीरज राकेश का मित्र।
3. राकेश नहर में स्नान करने लगा। लेकिन नहर के पानी का बहावा काफी तेज और पानी गहरा था। राकेश पानी में डूबने लगा तब चिल्लाया।
4. कबरा ने राकेश की चीख सुनी। उसने पानी में छलॉग लगा दी। कबरा ने दाँतों से राकेश के बाल पकड़ लिए। वह राकेश को नहर के तट पर ले आया। नीरज ने डॉक्टर को बुलाया। राकेश की जान बच गई।
5. राकेश ने कबरा की पीठ पर हाथ फेरते हुए कहा–''कबरा! तुम कितने अच्छे हो। अगर आज तुम नहीं होते तो न जाने मेरा क्या होता।''

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. पट्टा – राकेश ने कबरा के गले में **पट्टा** बाँध दिया।
2. जंजीर – पट्टे में **जंजीर** लगी थी।
3. मित्र – नीरज राकेश का **मित्र** था।
4. स्नान – राकेश नहर में **स्नान** कर रहा था।
5. पानी – हमें स्वच्छ **पानी** पीना चाहिए।
6. जान – हर किसको को **जान** प्यारी होती है।

## 4. चालाक लोमड़ी

### अभ्यास

**क. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए–**

1. क्या तुम मुझे गाना नहीं **सुनाओगे**।
2. कौआ खुश हो **गया**।
3. लोमड़ी भाग **गई**।
4. पेड़ के ऊपर बैठा कौआ अपनी मूर्खता पर पछताता **रहा**।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. कौआ पेड़ पर बैठा था।
2. भूखी लोमड़ी यह सोचने लगी कि इस कौए से पनीर किस तरह जाए।
3. लोमड़ी पेड़ के नीचे खड़ी होकर कहने लगी–''कौए राजा! तुम कितने सुंदर हो! तुम्हारी चोंच भी कितनी सुंदर है! अगर तुम्हारी चोंच इतनी सुंदर हे तो तुम्हारी आवाज न जाने कितनी मीठी होगी! क्या तुम मुझे अपनी मधुर आवाज में एक गाना सुनाओगे?''
4. कौए ने ज्योंही गाने के लिए चोंच खोली, उसके मुँह से पनीर का टुकड़ा नीचे गिर पड़ा।
5. इस पाठ से हमें शिक्षा मिलती है कि बिना सोचे-समझे कोई कार्य नहीं करना चाहिए।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. चोंच – कौए की **चोंच** में पनीर का टुकड़ा था।
2. चालाक – लोमड़ी **चालाक** थी।
3. चमकीला – तारों से आसमान **चमकीला** लगता है।
4. मूर्खता – कौए ने **मूर्खता** दिख़ाई।
5. धोखा – लोमड़ी ने कौए को **धोखा** दिया।
6. दुनिया – यह **दुनिया** बहुत बड़ी है।
7. लोमड़ी – **लोमड़ी** भूखी थी।

## 5. काला कौआ

**अभ्यास निरंतर समीक्षा**

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (अ) हंस को देखकर
2. (ब) मैं कैसे उजला-उजा बनू

3. (अ) साबुन

4. (अ) काला ही रहा

**ख. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

1. उजला-उजला हंस **एक दिन**
2. उड़ते-उड़ते **आया**
3. हंस देखकर काला **कौआ,**
4. मन ही मन **शरमाया।**
5. मिटा न **उसका कालापन तो,**

**ग. उत्तर बताइए–**

1. सफेद हंस को देखकर काला कौआ मन ही मन शरमाया।
2. काला कौआ हंस को देखकर सोचने लगा कि मैं कैसे उजला हो सकता हूँ।
3. काला कौआ गुसलखाने से साबुन लेकर भागा।
4. काला कौआ साबुन से नहाकर भी पछताया क्योंकि उसका कालापन नहीं मिटा।
5. अपना कालापन न मिट पाने के कारण कौआ फिर कभी हंस के पास नहीं आया।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. बहुवचन बनाइए–**

1. कौआ – **कौए**
2. गुसलखाना – **गुसलखानों**
3. हंस – **हंसवृंद**
4. दिन – **दिनों**

**ङ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. उजला – **मैला**
2. खूब – **कम**
3. काला – **सफेद**
4. घर – **बेघर**

## 6. शेर और चूहा

### अभ्यास

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (अ) वृक्ष के नीचे
2. (अ) चूहा उसकी पीठ पर चढ़ गया

**ख. रिक्त स्थान भरिए–**

1. शेर **गुफा** में रहता है।
2. पक्षी **घोंसलों** में रहते हैं।
3. **चूहा** बिल में रहता है।
4. तितली **फूलों** पर रहती है।

**ग. किसने कहा और किससे कहा?**

1. चूहे ने शेर से कहा।
2. चूहे ने स्वयं से कहा।

**घ. उत्तर बताइए–**

1. एक था शेर। एक दिन वह एक वृक्ष के नीचे सो रहा था।।
2. चूहे को भूख लगी थी। वह अपने बिल से बाहर निकला और भोजन की तलाश में इधर-उधर घूमने लगा। घूमते-घूमते वह सोये हुए शेर की पीठ पर चढ़ गया। शेर की नींद खुल गई।
3. शेर को चूहे पर दया आ गई। उसने चूहे को छोड़ दिया।
4. एक दिन वही शेर एक शिकारी के जाल में फँस गया। जाल मोटे रस्सों का बना था। शेर जाल को न काट सका। वह दहाड़ने लगा।

5. चूहे ने अपनी पत्नी को साथ लिया। उसने कुछ और चूहों को भी साथ ल लिया। सब चूहे शेर के पास आ गए। सबने मिलकर जाल कोकाट दिया। शेर जाल से बाहर निकल आया।
6. इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि किसी को भी छोटा नहीं समझना चाहिए।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ङ. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. वृक्ष – शेर **वृक्ष** के नीचे सोया था।
2. दया – शेर को चूहे पर **दया** आ गई।
3. शेर – **शेर** पिंजरे में बंद हो गया।
4. सहायता – चूहे ने शेर की **सहायता** की।

## 7. परीलोक का हाथी

### अभ्यास

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ब) भोजपुर में
2. (अ) हाथी
3. (अ) परी लोक से
4. (अ) गंगिया

**ख. उत्तर बताइए–**

1. भोजपुर में बब्बन नामक एक किसान रहता था। वह पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान रहता था। इस परेशानी का कारण यह था कि उसके खेत से लगातार गन्नों की चोरी हो रही थी।
2. अचानक बब्बन को साँय-साँय की आवाज सुनाई दी। उसने एक हाथी को आकाश से नीचे उतरते देखा। हाथी के पर लगे थे।
3. परी लोक जाने के लिए सभी गन्ने के खेत में पहुँचे।
4. बब्बन ने जब तरबूज का आकार बताने के लिए अपने हाथ फैलाए तो उसके हाथ से हाथी की पूँछ छूट गई और सब नीचे तालाब में गिर गए।
5. घर पहुँचकर बब्बन ने हाथी वाली बात अपनी पत्नी गंगिया को बताई।

**भाषा ज्ञान आलोनात्मक सोच**

**ग. सोचकर उत्तर दीजिए–**

1. बड़ा – **बड़े बड़ों**
2. रात – **राते रातों**
3. आँख – **आँखें आँखों**
4. घंटा – **घंटे घंटों**

**घ. जोड़े बनाइए–**

1. दादा – **दादी**
2. मामा – **मामी**
3. चाची – **चाचा**
4. मौसा – **मौसी**
5. नानी – **नाना**
6. फूआ – **बूआ**

**ङ. एकवचन से बहुवचन बनाइए–**

1. किसान – **किसानजन**
2. चोर – **चोरों**
3. गन्ना – **गन्ने**
4. खेत – **खेतों**

# 8. गिलहरी

## अभ्यास

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (अ) पेड़ों पर
2. (ब) मेहनत से

**ख. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

है कितनी चुलबुली **गिलहरी,**
छुओ तो है गुलगुली **गिलहरी।**

**ग. उत्तर बताइए–**

1. गिलहरी छूने पर गुलगुली लगती है।
2. गिलहरी डालों और बेलों में खेली है। वह पेड़ों पर पली है।
3. गिलहरी जब चीं-चीं करके गाती है तो हमें बहुत अच्छी लगती है।
4. गिलहरी मेहनत और लगन से अपना भोजन ढूँढ़ती है।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. भली – **बुरी**
2. साफ – **गंदा**
3. चुलबुली – **शांत**
4. सुंदर – **कुरूप**
5. गुलगुली – **खुरहुरी**
6. लगन – **आलस**

**ङ. इनके वचन बदलिए–**

1. बेलों – **बेल**
2. डालों – **डाल**
3. गिलहरी – **गिलहरियाँ**
4. दाने – **दाना**
5. मूँगफली – **मूँगफलियाँ**

# 9. विक्रमादित्य का न्याय

## अभ्यास

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ब) उज्जैन का
2. (अ) दो औरतें आईं

**ख. खाली स्थानों को भरिए–**

1. राजा विक्रमादित्य **बुद्धिमान और न्यायप्रिय** थे।
2. एक बार राजा के दरबार में दो **औरतें** आईं।
3. दोनों औरतें एक-दूसरे को **झूठा** बता रही थीं।
4. अनुचर **तलवार** लेकर आया।
5. दरबार में बैठे सभी लोगों ने राजा की **जय-जयकार** की।

**ग. उत्तर बताइए–**

1. उज्जैन के शासक विक्रमादित्य एक बुद्धिमान और न्यायप्रिय राजा थे। वह अपनी बुद्धिमत्ता के कारण प्रसिद्ध थे।
2. एक बार राजदरबार में दो औरतें आईं। वे दोनों आपस में झगड़ रही थीं। झगड़े का कारण एक बच्चा था। दोनों का कहना था कि बच्चा उसका है।

3. राजा ने आदेश दिया कि बच्चे को दो भागों में काट दिया जाए तथा प्रत्येक औरत को एक-एक भाग दे दिया जाए।
4. आँखों में आँसू लाकर वह बोली–"कृपया बच्चा दूसरी औरत को दे दिया जाए। मुझे बच्चा नहीं चाहिए। मैं बच्चे पर से अपना अधिकार छोड़ती हूँ।"
5. राजा विक्रमादित्य को अब पता चल चुका था कि असली माँ कौन है। उसने बच्चा असली माँ यानी पहली औरत को दे दिया।
6. राजा ने झूठा दावा करने वाली दूसरी औरत को जेल में डालने का आदेश दिया।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. वाक्य बनाइए–**

1. निर्णय – राजा ने उचित **निर्णय** दिया।
2. समस्या – दो औरतें अपनी **समस्या** लेकर आईं।
3. अधिकार – पहली औरत ने बच्चे पर से **अधिकार** छोड़ दिया।
4. बुद्धिमान – राजा **बुद्धिमान** था।
5. आदेश – राजा ने अनुचर को **आदेश** दिया।

**ङ. समझिए और लिखिए–**

1. औरत – **आदमी**
2. बहन – **भाई**
3. बच्ची – **बच्चा**
4. बेटी – **बेटा**
5. रानी – **राजा**
6. पुत्री – **पुत्र**
7. लड़की – **लड़का**
8. राजकुमारी – **राजकुमार**

**च. एकवचन से बहुवचन बनाइए–**

1. राजा – **राजाओं**
2. औरत – **औरतें**
3. अनुचर – **अनुचर वर्ग**
4. झगड़ा – **झगड़े**
5. बच्चा – **बच्चें**
6. भाग – **भागों**

## 10. अनोखी परीक्षा

**अभ्यास निरंतर समीक्षा**

**क. सही उत्तर चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ब) गुरुकुल में
2. (अ) शाम
3. (ब) गोविल ने
4. (अ) परोपकार

**ख. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए–**

1. गुरुकुल में कई छात्रों के साथ तीन **मित्र** भी पढ़ते थे।
2. गुरुदेव ने उन्हें **अंतिम** परीक्षा के लिए बुलाया।
3. गुरुदेव ने उन्हें आशीर्वाद देकर घर जाने को कहा।
4. परोपकार ही **सच्चा** धर्म होता है।
5. रोहित और मोहित तुम दोनों इस **परीक्षा** में असफल रहे।

**ग. किसने और किससे कहा?**

1. रोहित और मोहित ने गोविल से कहा।
2. गुरुदेव ने तीनों मित्र से कहा।

**घ. उत्तर बताइए–**

1. रोहित, मोहित और गोविल गुरुकुल में पढ़ते थे।
2. इन तीनों की शिक्षा समाप्त होने पर गुरुदेव ने उन्हें अंतिम परीक्षा के लिए बुलाया। उन तीनों ने गुरुदेव के चरण-स्पर्श किए। गुरुदेव ने उन्हें आशीर्वाद देकर घर जाने को कहा।
3. उसने सोचा यदि कोई यात्री रात को यहाँ से निकला तो ये काँटे उसे चुभ जाएँगे। अतः वह काँटों को वहाँ से हटाने लगा।
4. गुरुदेव ने कहा–''ये काँटे राह में मैंने बिछाए थ। यही तुम लोगों की परीक्षा थी। रोहित और मोहित, तुम दोनों इस परीक्षा में असफल रहे। अतः तुम दोनों वापस नदी मार्ग से मेरे साथ गुरुकुल चलो।
5. गोविल ने परोपकार की भावना से कार्य किया। अतः वह परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**च. विलोम शब्द लिखिए–**

1. उत्तीर्ण – **अनुत्तीर्ण**
2. स्पर्श – **अस्पर्श**
3. असफल – **सफल**
4. स्वार्थ – **निस्वार्थ**
5. धर्म – **अधर्म**
6. अनोखी – **सादी**
7. परोपकार – **स्वोपकार**
8. सुबह – **शाम**

**छ. वचन बदलिए–**

1. छात्रों – **छात्र**
2. झाड़ियाँ – **झाड़ी**
3. राहों – **राह**
4. मित्रों – **मित्र**
5. यात्रियों – **यात्री**
6. नावों – **नाव**

## 11. बहादुर लड़की

### अभ्यास निरंतर समीक्षा

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ब) मनु
2. (अ) मनु
3. (अ) घोड़ा
4. (अ) मनु

**ख. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

1. एक लड़की थी **मनु**।
2. **एक दिन की** बात है।
3. **शाम** का समय हो गया था।
4. सूर्य देवता भी धीरे-धीरे **डूबने** लगे थे।
5. उसने अपने **घोड़े** को एड़ लगाई।
6. **घोड़ा** तेज भागा।

**ग. उत्तर बताइए–**

1. एक लड़की थी मनु। बहुत ही बहादुर और निडर। बचपन से ही उसे तीर चलाना, घोड़े की पीठ पर चढ़ कर घूमना अच्छा लगता था।
2. बड़े बालक से आगे निकलती हुई मनु ने उससे कहा–''है हिम्मत तो निकालो आगे।''

3. वह घोड़े की पीठ से नीचे गिर गया। घोड़ा बालक को छोड़ कर चला गया। बालक ठोकर खाकर घायल हो गया। उसके सिर से खून बहने लगा।
4. लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम मनु था।
5. सिर से बहते खून को देखकर छोटा बालक घबरा गया और वहाँ से भाग निकला।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. शाम – **सुबह**
2. आगे – **पीछे**
3. दायाँ – **बायाँ**
4. तेज – **धीमा**
5. बचपन – **बुढ़ापा**
6. बड़ा – **छोटा**

**ङ. सोचकर लिखिए–**

1. चलना – **चलाना**
2. घूमना – **घूमाना**
3. बचना – **बचाना**
4. डूबना – **डुबाना**
5. भागना – **भगाना**
6. पहुँचना – **पहुँचाना**

**च. पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

1. निडर – **निर्भीक, अभय**
2. नदी – **सरिता, तटिनी**
3. सूर्य – **भानू, आदित्य**
4. बालक – **बाल, लड़का**
5. बचपन – **बालपन, बचपन**
6. खून – **रक्त, रुधिर**
7. घर – **गृह, निवास**
8. सिर – **शीश, शिखर**

## 12. तिनके का कमाल

### अभ्यास निरंतर समीक्षा

**क. रिक्त स्थान भरिए–**

1. सेठ किशोरी लाल की बड़ी **दुकान** थी।
2. सेठ ने **तराजू** पर गुड़ रखा।
3. **तिनका** दीवार से चिपक गया।
4. **दुकान** के बाहर एक कुत्ता बैठा था।
5. सेठ को **क्रोध** आ गया।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. दुकानदार का नाम सेठ किशोरी लाल था।
2. पिशोरी मल का स्वभाव कंजूस था।
3. पिशोरी मल ने तिनका उठाकर सामने की दीवार पर फेंक दिया।
4. तिने पर गुड़ चिपका था इसलिए मक्खियाँ उसके पास भंडारने लगीं।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. विलोम शब्द से वाक्य पूरे कीजिएकीजिए–**

1. सेठ किशोरी लाल की दुकान बड़ी थी। मेरी दुकान **छोटी** है।
2. चावल का वजन कम था। गुड़ का वजन **ज्यादा** था।
3. बिल्ली ऊपर कूदी। छिपकली **नीचे** गरी।
4. मेरे पिताजी दानी हैं। उसके पिताजी **कंजूस** हैं।

**घ. बहुवचन बनाइए–**

1. तिनका – **तिनके**
2. केला – **केले**
4. घोड़ा – **घोड़े**
5. कुत्ता – **कुत्ते**

**ङ. पुल्लिंग से स्त्रीलिंग बनाइए–**

1. सेठ – सेठानी
2. घोड़ा – घोड़ी
3. कुत्ता – कुतिया
4. पिताजी – माताजी
5. बिलाव – बिल्ली

# 13. गिलहरी का योगदान

## अभ्यास

**क. उत्तर बताइए–**

1. गिलहरी की पीठ पर धारियाँ बनी होती हैं।
2. सीताजी रामजी की पत्नी थीं।
3. वानर सागर पर पुल बना रहे थे।
4. वह एक गड्ढे के पास जाकर, उस गड्ढे के पानी में डूबकी लगाती और रेत में लोटपोट करती। फिर वह सागर के किनारे पहुँचती। वानरों द्वारा पत्थर डाले जाने वाले स्थान पर गिलहरी अपना शरीर झाड़ती। इससे रेत के कण उन पत्थरों पर गिर कर जमा हो रहे थे।
5. भगवान राम ने प्यार से गिलहरी की पीठ पर हाथ फेरा। गिलहरी फुदकती हुई वहाँ से चली गई।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ख. बहुवचन बनाइए–**

1. धारी – **धारियाँ**
2. टोपी – **टोपियाँ**
3. तितली – **तितलियाँ**
4. कहानी – **कहानियाँ**
5. लड़की – **लड़कियाँ**
6. चींटी – **चींटियाँ**
7. मिठाई – **मिठाइयाँ**
8. गिलहरी – **गिलहरियाँ**

**ग. निम्नांकित शब्दों को शुद्ध रूप लिखिए–**

1. चढ़ाइ – **चढ़ाई**
3. बानर – **वानर**
2. गिल्हरी – **गिलहरी**
4. झारना – **झाड़ना**
1. धारीयाँ – **धारियाँ**
2. शरिर – **शरीर**
3. भगबान – **भगवान**
4. पयार – **प्यार**
5. पूल – **पुल**
6. पतथर – **रेत**
7. रैत – **रेत**
8. कन – **कण**

**घ. सम्मिलित वाक्य बनाइए–**

1. भगवान राम अयोध्या के राजकुमार थे।
2. गिलहरी रेत के कण झाड़ रही थी।
3. गड्ढे में पानी भरा था।
4. सभी वनर पत्थर डाल रहे थे।

## 14. दिवाली

### अभ्यास निरंतर समीक्षा

**क. खाली स्थान भरिए–**

1. आकाश में **तारे** टिमटिमाते हैं।
2. दिवाली पर हम **दीपक** जलाते हैं।
3. दिवाली पर हम **पटाखे** छोड़ते हैं।
4. **चाँद** दिन में नहीं चमकता।
5. **अमावस्या** की रात चाँद नहीं दिखाई देता।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. तारे आसमान में टिमटिमा रहे हैं।
2. तारे टिमिटमा कर कहते हैं कि तुम भी धरती को आकाश की तरह सजाओ।
3. दीपक जल कर घर, आँगन व कोने-कोने को चमकाना चाहते हैं।
4. 'रहे न काली रात कहीं पर'–यह दीपक कहता है।
5. हम दीपक दीपावली पर जलाते हैं।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. विलोम शब्द लिखिए–**

1. जलाना – **बुझाना**
2. घर – **बेघर**
3. रात – **दिन**
4. ऊपर – **नीचे**
5. काली – **सफेद**
6. एक – **अनेक**

**घ. पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

1. दीप – **दीपक**
2. आकाश – **आसमान**
3. धरती – **जमीन**
4. हर – **प्रत्येक**
5. रात – **निशा**
6. दुनिया – **संसार**

## 15. देव और दानव

### अभ्यास

**क. सही (✓) का निशान लगाइए–**

1. (अ) उन्होंने आपस में सहयोग किया था
2. (अ) हमें आपस में मिल-जुलकर रहना चाहिए

**ख. उत्तर बताइए–**

1. देव और दानव दोनों में युद्ध चल रहा था। देवता चाहते थे कि सभी दानव स्वर्ग से चले जाएँ। दानव भी देवताओं को स्वर्ग से भगाना चाह रहे थे।
2. देवताओं ने चतुराई से काम किया। वे आमने-सामने बैठ गए और एक-दूसरे को भोजन कराने लगे। इसके लिए उन्हें अपने हाथों को मोड़ना भी नहीं पड़ा।
3. कुछ दानवों ने थालियों में ही मुँह लगा दिया। कुछ दानव हाथों को ऊपर उठाकर भोजन मुँह में डालने लगे। इससे भोजन इधर-उधर गिरने लगा। उनके कपड़े भी खराब हो गए।
4. विष्णु जी ने पुनः देव और दानवों को बुलाया और कहा–''आपस में सहयोग करने के

कारण ही देवताओं की जीत हुई है। इसलिए आप सब लोग आपस में मिल-जुल कर रहा करें।''

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. समानार्थी शब्द बताइए–**

1. वस्त्र – **कपड़ा**
2. धरती – **जमीन**
3. देवता – **देव**
4. मुँह – **मुख**
5. दानव – **राक्षस**
6. खाना – **भोजन**

**घ. विलोम शब्द बताइए–**

1. युद्ध – **शांति**
2. स्वर्ग – **नर्क**
3. पक्ष – **विपक्ष**
4. स्वीकार – **अस्वीकार**

## 16. सुंदरता का वरदान

### अभ्यास

**क. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✓) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✗)

**ख. सही शब्द की सहायता से वाक्य पूरा कीजिए–**

1. परोपकार से तन और मन **सुंदर** बनते हैं।
2. बुढ़िया में **शक्ति** नहीं थी।
3. जीवों पर दया करना सबसे बड़ा **धर्म** है।
4. उसकी बहन विनीता **कुरूप** थी।

**ग. किसने, किससे कहा–**

1. बुढ़िया ने विनीता से कहा
2. ऋषि ने विनीता से कहा
3. माँ ने विनीता से कहा

**घ. उत्तर बताइए–**

1. शीतलपुर गाँव में एक वृद्ध महिला रहती थी। उसकी दो बेटियाँ थीं। बड़ी का नाम अनिता और छोटी का नाम विनीता था।
2. अनिता देखने में सुंदर थी और विनीता कुरूप।
3. बरसात आने वाली थी इसलिए चींटियाँ खाना इकट्ठा करने के लिए भाग दौड़ कर रही थी।
4. कमजोरी के कारण बुढ़िया झाड़ू नहीं लगा पा रही थी।
5. उन्होंने कहा–''बेटी! दया, क्षमा, परोपकार और सेवा में बड़ी शक्ति है। इन गुणों से दूसरों का मन जीत लिया जाता है और पवित्र एवं सफल आशीर्वाद की प्राप्ति होती है।''

**भाषा ज्ञान आलोनात्मक सोच**

**ङ. शब्दों को शुद्ध रूप लिखिए–**

1. झाड़ु – **झाड़ू**
2. कियारी – **क्यारी**
3. सूंदर – **सुंदर**
4. परबंध – **प्रबंध**
5. महातमा – **महात्मा**
6. दरशन – **दर्शन**

## 17. जॉर्ज स्टीफेंसन

### अभ्यास

**क. खाली स्थान भरिए–**

1. जार्ज स्टीफेंसन का जन्म **इंग्लैंड** में हुआ था।
2. जार्ज का बचपन बड़ी **कठिनाई** से बीता।
3. नेल ने बहुत देर तक जार्ज की **राह** देखी।
4. नेल की आँखों में **आँसू** आ गए।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. जार्ज स्टीफेंसन का जन्म इंग्लैंड में हुआ था। इन्होंने सर्वप्रथम, भाप से चलने वाले इंजन बनाए थे।
2. जार्ज की एक छोटी बहन थी। उसका नाम थ–नेल।
3. एक दिन नेल अपने भाई जार्ज के साथ बाजार में अपने लिए टोपी खरीदने गई।
4. बहन की टोपी खरीदने के लिए जार्ज ने एक बिगड़ैल घोड़े को काबू किया और उससे प्राप्त धन से टोपी खरीदी।
5. घोड़े के मालिक ने घोड़े को काबू करने के लिए जार्ज को इनाम दिया।

## 18. स्वतंत्रता दिवस

### अभ्यास

**क. खाली स्थान भरिए–**

1. आज **पंद्रह** अगस्त है।
2. मंच के सामने **तिरंगा** झंडा फहराने का स्थान बना है।
3. मुखिया जी ने एक छोटा-सा **भाषण** दिया।
4. प्रधानाध्यापक जी ने बच्चों में **मिठाइयाँ** बाँटीं।
5. दरबार में बैठे सभी लोगों ने राजा की **जय-जयकार** की।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. भारत को आजादी 15 अगस्त, 1947 को मिली थी।
2. विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने आकर राष्ट्रध्वज फहराया।
3. स्काउटों और गाइडों ने झंडे को सलामी दी।
4. बच्चों को इनाम मुखिया जी ने बाँटे।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. सुलेख लिखिए–**

स्वयं कीजिए।

**घ. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

1. देश – **राष्ट्र, वतन**
2. कपड़ा – **वस्त्र, वसन**
3. विद्यालय – **पाठशाला, स्कूल**
4. रात – **रजनी, निशा**

**ङ. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

1. स्वतंत्रता – **परतंत्रता**
2. रात – **दिन**
3. गर्मी – **सर्दी**
4. धूप – **छाँव**

# 1. प्रार्थना

### अभ्यास निरंतर समीक्षा

**क. रिक्त स्थान भरिए–**

1. जब छम-छम बूँदें गिरती हैं,
   बिजली **चम-चम** कर जाती है।
2. हे जग के सिरजनहार **प्रभो!**
   **तब याद** तुम्हारी आती है।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. खुशी के गीत चिड़ियाँ गाती है।
2. जग के सिरजनहार ईश्वर हैं।
3. मस्ती ढोकर ठंडी-ठंडी हवा लाती है।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. विलोम शब्द लिखिए–**

1. सुबह – **शाम**
2. खुशबू – **बदबू**
3. बाहर – **अंदर**
4. ठंडी – **गर्म**

# 2. सच्चा धर्म

### अभ्यास निरंतर समीक्षा

**क. किसने, किससे कहा?**

1. अन्न बाँटने वाले ने बूढ़े से कहा
2. युवक ने अन्न बाँटने वाले से कहा
3. बूढ़े ने युवक से कहा
4. युवक ने बूढ़े से कहा
5. अशोक ने बूढ़े से कहा

**ख. उत्तर बताइए–**

1. एक बार मगध राज्य में भीषण अकाल पड़ा। सम्राट अशोक की प्रजा दाने-दाने के लिए मोहताज हो गई। यह दृश्य देखकर सम्राट अशोक ने तत्काल अपने राज्य के अन्न के भंडार जनता के लिए खोल दिए।
2. जवान आदमियों की धक्का-मुक्की ने बूढ़े को खैरात नहीं मिल पाई।
3. बूढ़े व्यक्ति की गठरी उठाने वाला व्यक्ति सम्राट अशोक था।
4. अशोक मगध राज्य के सम्राट थे।

**भाषा ज्ञान**

**ग. निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए–**

1. गंभिर – **गंभीर**
2. कमचारि – **कर्मचारी**
3. परीचय – **परिचय**
4. आकल – **अकाल**

**घ. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. परिचय – इससे ज्यादा **परिचय** व्यर्थ है।
2. अगला – **अगला** दिन रविवार है।
3. घबराना – मुसीबत में **घबराना** नहीं चाहिए।
4. तुच्छ – किसी को **तुच्छ** नहीं समझना चाहिए।
5. कमजोर – बूढ़ा **कमजोर** हो गया था।

# 3. अपना काम स्वयं करो

### अभ्यास

**क. किसने, किससे कहा?**

1. यात्री ने ईश्वरचंद्र विद्यासागर से कहा
2. ईश्वरचंद्र ने यात्री से कहा
3. ईश्वरचंद्र ने आगंतुक से कहा

**ख. सही शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए–**

1. छुक-छुक करती हुई रेल **स्टेशन** पर आकर रुकी।
2. मैं एक **विशेष** आदमी से मिलने आया हूँ।
3. आदमी ने **सूटकेस** को सिर पर रख लिया।
4. मैंने सूटकेस की धूल आपके **सिर** पर लगाने का अपराध कर डाला।

**ग. उत्तर बताइए–**

1. रेल के डिब्बे के दरवाजे पर खड़ा व्यक्ति कुली को पुकार रहा था।
2. सामान उठाने वाला व्यक्ति उसे ईश्वरचंद्र विद्यासागर के घर ले गया।।
3. सामान उठाने वाला व्यक्ति ईश्वरचंद्र विद्यासागर थे।
4. वह व्यक्ति उनके चरणों में गिर पड़ा। बोला–''मैं तो आपके चरणों की धूल माथे पर लगाने आया था, परंतु मैंने अपने सूटकेस की धूल आपके सिर पर लगाने का अपराध कर डाला.....।'' वह आँसू बहाने लगा।
5. ''ऐसी कोई बा नही है, बस ,भविष्य में अपना काम करने में कभी संकोच मत करना।'' ऐसा कहकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने उसे गले से लगा लिया।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए–**

1. स्टेसन – **स्टेशन**
2. धुल – **धूल**
3. भविस्य – **भविष्य**
4. विसेश – **विशेष**

# 4. भगवान का भरोसा

### अभ्यास

**क. किसने, किससे कहा?**

1. कौओं ने मैना से कहा
2. कौओं ने मैना से कहा
3. कौए ने मैना से कहा

**ख. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

1. आकाश में घने काले **बादल** छाए हुए थे।
2. कौए **काँव-काँव** करके चिल्लाए।
3. उसने भगवान को **प्रणाम** किया और उड़ गई।
4. **पृथ्वी** पर ओलों से घायल पड़े हुए कौओं ने मैना को देखा।

**ग. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✓) 2. (✓) 3. (✓) 4. (✓)

**घ. उत्तर बताइए–**

1. नीम के एक पेड़ पर बहुत-से कौए बैठे थे।
2. मैना नीम के पेड़ पर बैठ गई और बरसात के मौसम में कौओं से वहाँ रहने देने के लिए प्रार्थना की।
3. कौए झगड़ालू स्वभाव के होते हैं, इसलिए उन्होंने मैना को पेड़ पर बैठने नहीं दिया।
4. आलू जैसे ओले तड़-तड़, भड़-भड़ बंदूक की गोली जेसे पड़ रहे थे। कौए काँव-काँव करके चिल्लाए। इधर-उधर थोड़ा बहुत उड़कर गए परंतु ओलों की मार से सब के सब घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। बहुत-से कौए मर भी गए।
5. मैना जिस आम के पेड़ पर बैठी थी, उसकी एक मोटी डाल आँधी से टूट गई। डाल भीतर से सड़ गई थी और खोखली हो गई थी। डाल टूटने से उसकी जड़ के पास पेड़ में एक खोखला स्थान बन गया था। छोटी मैना उसमें घुस गई। उसे एक भी ओला नहीं लगा।
6. मैना बोली–''मैं आम के पेड़ पर अकेली बैठी थी और भगवान से प्रार्थना करती रही। दुःख में पड़े हुए असहाय जीवों को भगवान के अलावा और कौन बचा सकता है?''

**ङ. निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए–**

1. चीड़िया – **चिड़िया**
2. धुप – **धूप**
3. बेठने – **बैठने**
4. बन्दुक – **बंदूक**
5. बैचारी – **बेचारी**
6. परमाण – **प्रणाम**

## 5. सुबह कहाँ से

### अभ्यास निरंतर समीक्षा

**क. सही शब्द की सहायता से रिक्त स्थान भरिए–**

1. रात को **चंद्रमा** अंबर पर छा जाता है।
2. पर्वत जैसे ये **काले** बादल जल बरसाते कहाँ से।
3. सतरंगी **इंद्रधनुष** कैसे मिटता बनता है।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. कविता में सूर्योदय, चंद्रोदय, वर्षा, इंद्रधनुष, नदी और फूलों का वर्णन हुआ है।
2. रात में आकाश चाँद और तारों से भर जाता है।।
3. इंद्रधनुष के संबंध में बालक की यह जिज्ञासा होती है कि वह कैसे बनता और गायब हो जाता है।
4. कविता में बादल को पर्वत के समान बताया गया है।

**ग. शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए–**

1. सूरज – **सूरज**
2. इन्दर – **इंद्र**
3. पियारी – **प्यारी**
4. फुल – **फूल**
5. परवत – **पर्वत**
6. कीरनों – **किरणों**

**घ. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

1. अमृत – **विष**
2. सुंदर – **कुरूप**
3. आकाश – **पाताल**
4. सुगंध – **दुर्गंध**

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ङ. निम्नलिखित शब्दों के लिए एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

1. बादल – **मेघ**
2. पर्वत – **शैल**
3. फूल – **पुष्प**
4. जल – **पानी**

## 6. भक्त प्रह्लाद

### अभ्यास

**क. किसने, किससे कहा?**

1. हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद से कहा।
2. भगवान नरसिंह ने हिरण्यकश्यप से कहा।

**ख. सही शब्द की सहायता से वाक्य पूरा कीजिए–**

1. हिरण्यकश्यप के **चार** पुत्र थे।
2. प्रह्लाद तो **विष्णुजी** का ही भक्त बना रहा।
3. अब तो **हिरयण्कश्यप** के क्रोध का ठिकाना न रहा।

**ग. सही (✓) तथा गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✗) 2. (✗) 3. (✓)

**घ. उत्तर बताइए–**

1. उसने घोर तपस्या करके ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त किया कि उसकी मृत्य न घर में हो, न घर के बाहर हो, न वह दिन में मरे, न रात में और न ही कोई मनुष्य या जानवर उसे मार सके। किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के द्वारा भी वह मारा न जा सके।
2. होलिका हिरण्यकश्यप की बहन।
3. हिरण्यकश्यप का वध भगवान नरसिंह अवतार ने किया।
4. हिरयण्कश्यप के बाद दानों का राजा प्रह्लाद बना।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ङ. विलोम शबद लिखिए–**

1. दिन – **रात**
2. आग – **पानी**
3. अंदर – **बाहर**
4. पुराना – **नया**

## 7. आत्मसम्मान

### अभ्यास

**क. सही शब्द चुनकर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ब) पोरस
2. (स) मित्र
3. (ब) कायर
4. (ब) पंचनद

**ख. किसने, किससे कहा?**

1. सिकंदर ने पोरस से कहा
2. पोरस ने सिकंदर से कहा
3. सिकंदर ने पोरस से कहा
4. सिकंदर ने पोरस से

**ग. उत्तर बताइए–**

1. वह व्यक्ति जिसमें आत्मसम्मान की भावना नहीं होती, वह पशु के समान होता है।

2. जो व्यक्ति अपने आत्मसम्मान के प्रति सचेत नहीं है, वह कायर व मूर्ख कहलाता है।
3. सिकंदर महान् ने राजा पोरस पर आक्रमण किया था।
4. तक्षशिला का हिंदू राजा पोरस के विरुद्ध सिकंदर की मदद कर रहा था।
5. सिकंदर ने पोरस सेपूदा, ''अब तुम्हारे साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?'' पोरस ने तुरंत जवाब दिया, ''जैसा एक राजा दूसरे राजा के साथ करता है।'' आत्मसममान से भरे इस बहादुरीपूर्ण जवाब से सिकंदर बहुत प्रभावित हुआ और उसने पोरस को तुंरत छोड़ने का आदेश दे दिया।
6. सिकंदर ने पोरस को स्वतंत्र कर दिया और उसके साथ मित्रता कर ली।

**भाषा ज्ञान**

**घ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. कायर – **वीर**
2. शिक्षित – **अशिक्षित**
3. मूर्ख – **विद्वान**
4. पराजित – **विजेता**

## 8. मैं तो सो रही थी

**अभ्यास**

**क. उत्तर लिखिए–**

1. लड़की को पहले मुर्गे ने लगाया।
2. चिड़िया ने चीं-चीं बोलकर लड़की को जगाया।
3. भौं-भौं करके लड़की को कुत्ते ने जगाया।
4. जब मोटर ने पौं-पौं करके लड़की को जगाया तो वह ऊँघ रही थी।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ख. निम्नलिखित आवाजें किनकी है?**

1. कुकड़ूँकूँ – **मुर्गे**
2. भौं-भौं – **कुत्ता**
3. टन-टन – **घंटी**
4. चीं-चीं – **चिड़िया**
5. पौं-पौं – **मोटर**

## 9. मित्र की सलाह

**अभ्यास**

**क. किसने, किससे कहा?**

1. जीवन ज्योति ने राजेश्वर से कहा।
2. राजेश्वर ने जीवन ज्योति से कहा।

**ख. सही शब्द की सहायता से वाक्य पूरी कीजिए–**

1. जीवन ज्योति को देखकर वह आदमी बड़ा **लज्जित** था।
2. जीवन ज्योति के घर उसका **मित्र** राजेश्वर आया।
3. जीवन ज्योति खलिहान से **घर** लौट आया।
4. गौशाला से **दूध** भी अधिक आने लगी।

**ग. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✗) 5. (✓)

**घ. उत्तर बताइए–**

1. खरीक बाजार में एक किसान रहता था। उसका नाम जीवन ज्योति था। वह बहुत धनी था। नियमित रूप से काम छोड़ देने के कारण वह बहुत आलसी हो गया था।।
2. एक दिन जीवन ज्योति के घर उसका मित्र राजेश्वर आया।
3. राजेश्वर ने कहा–"मित्र! प्रातः सब जीवों के जागने से पूर्व ही मानसरोवर पर रहने वाला एक सफेद हंस पृथ्वी पर आता है। यह तो मुझे पता नहीं कि वह कब आयेगा? परंतु जो भी उसके दर्शन कर लेता है, उसको कभी किसी बात की कमी नहीं रहती।"
4. सफेद हंस की खोज में जीवन ज्योति प्रतिदिन सवेरे उठने और घूमने लगा।
5. जीवन ज्योति खलिहान से वापस घर लौट आया और गौशाला में गया। वहाँ उसने देखा कि रखवाला गाय का दूध अपनी पत्नी के लोटे में डाल रहा है। जीवन ज्योति ने उसे बहुत डाँटा।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ङ. बहुवचन बनाइए–**

1. गाय – **गायें**
2. गाँव – **गाँवों**
3. मित्र – **मित्रों**
4. ढेर – **ढेरों**
5. नौकर – **नौकरों**
6. हंस – **हंसो समूह**

**च. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

1. नियमित – **अनियमित**
2. मित्र – **शत्रु**
3. लाभ – **हानि**
4. सुबह – **शाम**

**छ. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

1. परिश्रम – **परिश्रम** ही सफेद हंस है।
2. गाय – **गाय** का दूध उत्तम होता है।
3. हंस – **हंस** सुंदर पक्षी है।

# 10. आत्मनिर्भरता

## अभ्यास

**क. किसने, किससे कहा?**

1. बच्चों ने सारस से कहा।
2. सारस ने बच्चों से कहा।
3. सारस ने बच्चों से कहा।
4. किसान ने अपने बेटों से कहा।

**ख. सही शब्द की सहायता से वाक्य पूरी कीजिए–**

1. उसके **गाँव** के लोग फसल काटने नहीं आएँगे।
2. दो-तीन दिन तक कोई **फसल** काटने नहीं आया।
3. गाँव के लोग बड़े **स्वार्थी** है।
4. यह किसान हम लोगों को **झूठ-मूठ** डराता रहता है।
5. जो दूसरों के **भरोसे** कोई काम छोड़ता है, उसका **काम** नहीं होता।

**ग. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓)

**घ. उत्तर बताइए–**

1. एक गेहूँ के खेत में सारस पक्षी का एक जोड़ा रहता था।
2. सारसों ने बाहर जाने से पहले अपने बच्चों से कहा–"बच्चो, हमारे यहाँ न रहने पर यदि कोई खेत के पास आए तो उसकी बात सुनकर याद रखना।"
3. उसने अपने बेटे से कहा–अब फसल काटने योग्य हो गई है। आज चलकर गाँव के लोगों से कहूँगा कि वे मेरा खेत कटवा दें।"
4. गाँव वालों के बाद किसान ने अपने भाइयों से फसल काटने को कहा।
5. कई दिन बीत गए। सारस के बच्चे उड़ने लगे थे और निर्भय हो गए थे।
6. सारस ने कहा–"बच्चों, किसान जब तक गाँव वालों और भाइयों के भरोसे था, फसल कटने की कहीं कोई आशा नहीं थी। जो दूसरों के भरोसे कोई काम छोड़ता है, उसका काम नहीं होता। लेकिन जब कोई स्वयं अपना काम करने को तैयार होता है तब उसका काम नहीं रुकता। किसान जब स्वयं कल फसल काटने वाला है, तब तो यह फसल अवश्य कटेगी।"

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ङ. बहुवचन बनाइए–**

1. गाँव – **गाँवों**
2. फसल – **फसलों**
3. बच्चा – **बच्चें**
4. स्थान – **स्थानों**
5. खेत – **खेतों**
6. पेड़ – **पेड़ों**
7. पक्षी – **पक्षियों**
8. अंडा – **अंडे**

**च. शब्दों को शुद्ध रूप लिखिए–**

1. परबन्ध – **प्रबंध**
2. जलदी – **जल्दी**
3. निरभय – **निर्भय**
4. योगय – **योग्य**
5. चिनता – **चिंता**
6. बच्चौं – **बच्चों**

**छ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. बड़ी – **छोटी**
2. भय – **अभय**
3. अँधेरा – **प्रकाश**
4. रुकना – **चलना**
5. याद रखना – **भुलाना**
6. सवेरे – **शाम**
7. आशा – **निराशा**
8. बच्चा – **बूढ़ा**

## 11. हिमालय से सीखो

**अभ्यास**

**क. कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए–**

1. खड़ा हिमालय **बता रहा है**।
   **डरो न आँधी**-पानी में।
2. डिगो **न अपने प्रण से तुम**।
   **सब कुछ पा सकते हो** प्यार।
3. **खड़ा रहा जो अपने** पथ पर।
   लाख **मुसीबत के आने में**।

**ख. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✓) 2. (✗) 3. (✓) 4. (✓)

**ग. उत्तर बताइए–**

1. हिमालय में शिक्षा मिलती है कि अपने पथ पर अडिग रहना चाहिए।
2. अपने प्रण पर टिके रहने से ऊँचा उठा जा सकता है।
3. जो अपने निर्णय पर खड़ा रहता ह जग में उसे सफलता मिलती है।
4. इस कविता से शिक्षा मिलती है कि सफल होने के लिए कठिन प्रण करना पड़ता है।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. डर – **निडर**
2. प्यार – **घृणा**
3. जीने – **मारने**
4. नभ – **घरा**
5. सफलता – **असफलता**
6. खड़ा – **लेटा**
7. मरने – **जीने**
8. ऊँचा – **नीचा**

**ङ. शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए–**

1. तुफानों – **तूफानों**
2. मूसीबत – **मुसीबत**
3. आनधी – **आँधी**
4. पियारे – **प्यारे**
5. मीली – **मिली**
6. छु – **छू**
7. जीनै – **जीने**
8. परण – **प्रण**

**च. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

1. संकट – **मुसीबत व्यथा**
2. घर – **गृह सदन**
3. पानी – **जल नीर**
4. आकाश – **आसमान नभ**
5. दिन – **दिवस वार**
6. उद्यान – **बाग वाटिका**
7. तालाब – **सरोवर जलाशय**
8. शक्ति – **बल ताकत**

**छ. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. पथ – अपने **पथ** से विचलित नहीं होना चाहिए।
2. अविचल – हिमालय **अविचल** है।
3. हिमालय – **हिमालय** अत्यंत विशाल है।
4. संकट – **संकट** में घबराना नहीं चाहिए।

## 12. मेहनत का फल

### अभ्यास

**क. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. **तेलघी** गाँव में रामफल नामक एक किसान रहता था।
2. जब वह महात्मा जी **ध्यान** तपस्या कर रहे थे।
3. उन्होंने तुम्हारे लिए **सोना** गाड़ रखा है।
4. महात्मा का उपदेश **सुनकर** वापस आ गया।
5. अब मैं समझ गया कि **परिश्रम से सोना चाँदी सब कुछ प्राप्त** हो सकता है।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. तेलघी गाँव में रामफल नामक एक किसान रहता था। वह बहुत गरीब था। बड़ी कठिनाई से वह अपने बच्चों का पालन-पोषण करता था। उसका रामप्रसाद नामक इकलौता पुत्र

था। रामप्रसाद का किसी काम में मन नहीं लगता था। स्वभाव से ही वह आलसी बन गया था। एक दिन गरीब किसान रामफल चल बसा। अब रामप्रसाद अपनी माँ के साथ रहने लगा। उसकी माँ ब तक चल-फिर सकती थी, मेहनत-मजदूरी करके रामप्रसाद को खिलाती रही।

2. घर में जब अनाज का एक भी दाना नहीं बचा तो रामप्रसाद घर से निकला। वह एक महात्मा की कुटिया में पहुँचा।
3. रामप्रसाद की बातें सुनने के बाद महात्मा जी ने कहा–''तुम्हारे माता-पिता तुम्हें बहुत प्यार करते थे। उन्होंने तुम्हारे जीवन के लिए पर्याप्त सोना तुम्हारे खेत में गाड़ रखा है। मरते समय उन्हें याद नहीं आया, नहीं तो वे तुम्हें बता देते। जाओ, तुम अपने खेत की अच्छी तरह खुदाई करो, तुम्हें सोना प्राप्त हो जाएगा।''
4. समय आने पर रामप्रसाद के खेत में खूब अच्छी फसल लगी। फसल को देखकर सभी लोग रामप्रसाद की प्रशंसा करने लगे। अब रामप्रसाद की समझ में महात्मा जी की बात आ गई। फसल को काटने के बाद रामप्रसाद के घर में अनाज का ढेर लग गया।
5. रामप्रसाद ने प्रसन्न होकर मुस्कुराते हुए उनसे कहा–''सोना तो मुझे उसी वर्ष फसलों से प्राप्त हो गया था। अब मैं समझ गया कि परिश्रम से सोना-चाँदी सब प्राप्त हो सकता है।''

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. आलसी – रामप्रसाद बहुत **आलसी** था।
2. मेहनत – **मेहनत** का फल हमेशा मीठा होता है।
3. तपस्या – महात्मा जी कुटिया में **तपस्या** कर रहे थे।
4. अनाज – रामप्रसाद के पास **अनाज** का ढेर लग गया।
5. इकलौता – रामप्रसाद अपने माता-पिता का **इकलौता** पुत्र था।

## 13. तेनालीराम की बुद्धिमानी

### अभ्यास

**क. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✓) 2. (✗) 3. (✗)

**ख. उत्तर बताइए–**

1. दक्षिण भारत के शक्तिशाली राज्य विजयनगर में राजा कृष्णदेव राय शासन करते थे।
2. राजा कृष्णदेव राय का मन कुछ उदास था। फाल्गुन का महीना था, होली का त्योहार नजदीक ही था, लेकिन अपनी उदासी के कारण उन्होंने राज्य में घोषणा करा दी कि इस वर्ष वे होली नहीं खेलेंगे।
3. तेलानीराम ने राजा को वन देवता की मूर्ति भेंट करने की आज्ञा माँगी।
4. राजा ने वन देवता की मूर्ति में बने धनुष को खींचा ही था कि तीर निकलकर ऊपर की ओर चला गया। इसी के साथ ही मूर्ति के चारों ओर से रंगों की फुहार छूटने लगी। देखते ही देखते राजा सहित सभी दरबारी रंग में नहा उठे।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए–**

1. आसमान टूट पड़ना – पिता के मरते ही रमेश पर **आसमान टूट पड़ा**।
2. अंधे की लाठी – कविता अपने माता-पिता की **अंधे की लाठी** है।
3. आँखों का तारा – सूरज अपनी बहन की **आँखों का तारा** है।
4. कान भरना – कमला पड़ोसियों के **कान भरती** रहती है।
5. पेट में चूहे कूदना – सुबह से कुछ नहीं खाया **पेट में चूहे कूद रहे है**।

## 14. तिरंगा हमारा

### अभ्यास

**क. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

1. राट्रीय ध्वज का ऊपरी भाग **केसरिया** रंग का है।
2. मध्य में स्थित सफेद रंग **शांति** का प्रतीक है।
3. **हरे** रंग की पट्टी संपन्नता और खुशहाली दर्शाती है।

**ख. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✓)

**ग. उत्तर बताइए–**

1. भारत के राष्ट्रीय ध्वज का नाम तिरंगा है।
2. केसरिया रंग बलिदान, हरा रंग संपन्नता तथा सफेद रंग शांति के परिचायक हैं।
3. अशोक का चक्र झंडे में मध्य में स्थित है।

## 15. धैर्य

### अभ्यास

**क. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. (ब) तालाब में 2. (ब) सूली पर 3. महर्षि दयानंद धैर्य

**ख. कोष्ठक में दिए गए सही शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए–**

1. क्रोध को वश में रखना **आसान नहीं** है।
2. कछुआ बहुत **भारी** था।
3. कछुआ **तालाब** में रहता था।
4. ईसाई धर्म के संस्थापक **यीशु मसीह** थे।
5. दक्षिण अफ्रीका में **अंग्रेजों** ने गांधी जी को अपमानित किया।

**ग. कॉलम 'अ' का कॉलम 'ब' से सही मिलान कीजिए–**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. यीशु मसीह | (i) ईसाई धर्म |
| 2. महर्षि दयानंद | (ii) आर्य समाज |
| 3. भगवान बुद्ध | (iii) धैर्य की प्रतिमूर्ति |
| 4. राष्ट्रपिता | (iv) महात्मा गांधी |

**घ. उत्तर बताइए–**

1. धैर्य का अर्थ है–शांत रहना एवं अपनी भावनाओं को वश में रखना।
2. एक बार ऐसा हुआ कि उस इलाके में बहुत समय तक वर्षा नहीं हुई। जिस तालाब में कछुआ रहता था, वह भी धीरे-धीरे सूखने लगा। इससे कछुआ बहुत चिंतित हुआ।
3. हंस का जोड़ा जिस तालाब में रहता था वह सूख रहा था इसलिए वे दूसरे स्थान पर जाना चाहते थे।
4. जीसस क्राइस्ट ईसाई धर्म के संस्थापक थे।
5. आर्य समाज के संस्थान महर्षि दयानंद सरस्वती थे।

# 16. शबरी के बेर

## अभ्यास

**क. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. **शबरी** की प्रसन्नता का ठिकाना न रहा।
2. शबरी ने अपनी **कुटिया** को साफ किया।
3. शबरी जंगल से बेर **एकत्र** करने लगी।
4. राम-लक्ष्मण शबरी की **कुटिया** में पधारे।

**ख. उत्तर बताइए–**

1. शबरी तपस्विनी थी। वह प्रभु राम और लक्ष्मण के दर्शन करने के लिए वन में रहती थी।
2. रावण सीताजी को चुराकर ले गया था। राम और लक्ष्मण सीता की खोज में वन-वन भटक रहे थे।
3. शबरी ने सोचा कि कहीं कोई बेर खट्टा न हो–यह सोचकर वह प्रत्येक बेर को चखती और छाँट-छाँटकर मीठे-मीठे बेर रामचंद्र जी को देती।
4. राम बड़े प्रेम से बेट खाने लगे। लक्ष्मण ने यह देखा तो उन्हें आशचर्य हुआ। पिछले कई दिनों से उन्होंने भैया राम को इतना प्रसन्न नहीं देखा था। उन्हें गा कि शबरी के प्रेम के सामने राम अपने कष्ट भूल गए हैं। यदि संसार में सबसे बड़ी कोई चीज है तो वह प्रेम है।
5. श्रीराम ने प्रेम को संसार में सबसे बड़ा बताया।

**भाषा ज्ञान**

**ग. निम्नलिखित शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. स्वागत – शबरी ने श्रीराम के **स्वागत** की तैयारियाँ की।
2. जलपान – श्रीराम और लक्ष्मण ने **जलपान** ग्रहण किया।
3. भक्ति – शबरी श्रीराम की **शक्ति** में लीन थी।
4. कमंडल – साधु के **कमंडल** में गंगाजल था।
5. कुशल-क्षेम – गुरु ने शिष्यों की **कुशल-क्षेम** पूछी।

**घ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. साफ – **गंदा**
2. खट्टा – **मीठा**
5. कभी-कभी – **सदैव**
6. भैया – **बहन**

3. आगे – **पीछे**
4. धनी – **निर्धन**
7. छोटा – **बड़ा**
8. आदर – **अनादर**

**ङ. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए–**

1. वन – **जंगल कानन**
2. मुनि – **ऋषि साधु**
3. दिन – **दिवस वार**
4. खुशी – **प्रसन्नता सुख**
5. मार्ग – **रास्ता पथ**

# 17. सोने के आँवले

## अभ्यास

**क. किसने, किससे कहा?**

1. बटुक ने ब्राह्मणी से कहा।
2. ब्राह्मणी ने बटुक से कहा।
3. बटुक ने ब्राह्मणी से कहा।
4. बटुक ने धनी व्यक्ति से कहा।

**ख. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. बालक **शंकर** ने 12 वर्ष की उम्र में **संन्यास** ग्रहण किया।
2. इन्होंने ही **संपूर्ण** देश को एक सूत्र में पिरोकर **संगठित** किया।
3. **भारत** में तब आज जैसे **विद्यालय** न थे।
4. बटुक अर्थात् **ब्रह्मचारी** भिक्षा माँगने जाते थे।

**ग. उत्तर बताइए–**

1. केरल के कालड़ी ग्राम में 845 विक्रम संवत् को शंकराचार्य जी ने जन्म लिया।
2. इनके बचपन का नाम शंकर था।
3. शंकर ने धनवान व्यक्ति के माध्यम से निर्धन ब्राह्मणी की सहायता की।
4. भारतीय बौद्धों ने सत्ता के लोभवश विवेकहीन होकर परकीयों का सब प्रकार से सहयोग किया। राष्ट्रीय दृष्टि से यह बड़ा विकट समय था। प्राचीन हिंदू वैदिक धर्म विभाजित होकर दुर्बल होता जा रहा था। उस काल में इसी बालक ने समस्त भारत की परिक्राम कर अपने सनातन हिंदू धर्म की विजय पताका फहराई। इन्होंने ही संपूर्ण देश को एक सूत्र में पिरोकर संगठित किया।
5. बाल ब्रह्मचारी शंकर के जाने के बाद उस सेठ ने स्वर्ण के आँवचले बनवा कर ब्राह्मण को भिजवाए और इस प्रकार उसकी निर्धनता दूर कर संतोष का अनुभव किया।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

1. बालक –**बालक** शंकर अत्यंत तेजस्वी थे।
2. इंतजार – भिक्षक द्वार पर **इंतजार** करने लगा।
3. धर्म – **धर्म** की पताका पुनः लहराने लगी।
4. प्रचार – शंकराचार्य ने वैदिक धर्म का **प्रचार** किया।
5. आवाज – बटुक ने भिक्षा के लिए **आवाज** दी।
6. दुर्बल – बूढ़ा व्यक्ति **दुर्बल** हो गया था।

# 18. ईश्वर महान् है

### अभ्यास

**क. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. (स) ईश्वर
2. (ब) राजमहल में
3. (ब) प्रशंसक
4. (स) भक्तों

**ख. उत्तर लिखिए–**

1. सबका रचयिता ईश्वर है।
2. दो अंधे भिखारी थे। वे दोनों राजमहल के द्वार के समीप रहते थे।
3. राजा ने अपने प्रशंसक भिखारी को बुलाव में सोने के सिक्के दिए।
4. पहला भिखारी राज का प्रशंसक और भक्त था। उसका मानना था कि वह राजा की प्रत्येक चीज का ऋणी है। वह सोचता था कि यदि राजा ने उस पर दया नहीं की होती तो वह जीवित नहीं रह सकता था।
5. दूसरा अंधा भिखारी भी राजा की प्रशंसा करने लगा, परंतु उसका विश्वास था कि ईश्वर महान् है। यह ईश्वर ही है जो राजा के मन में दया उत्पन्न करता है। उसका मानना था कि ईशवर की दया से ही वे जीवित हैं।
6. पहले भिखारी को राजा द्वारा दिया गया पुरस्कार नहीं मिला क्योंकि ईशवर की कृपा से वह दूसरे भिाखारी को मिल गया।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. किसने, किससे कहा–**

1. पहले भिखारी ने दूसरे भिखारी से कहा।
2. दूसरे भिखारी ने पहले भिखारी से कहा।

**घ. असंबद्ध शब्द को रेखांकित कीजिए–**

1. ईश्वर – रचयिता रचनाकार दयालु राजमहल
2. राजा – राजमहल प्रशंसक भक्त पशु
3. भिखारी – पुलाव पुरस्कार पक्षी सोने के सिक्के

**ङ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. समीप – **दूर**
2. प्रशंसा – **निंदा**
3. राजा – **रंक**
4. पुरस्कार – **दंड**

# 19. लाक्षागृह

### अभ्यास

**क. बहुविकल्पीय प्रश्न–**

1. (ब) पंचम वेद
2. (ब) पांडु एवं धृतराष्ट्र
3. (अ) वारगावत

**ख. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

1. भगवान **श्रीकृष्ण** ने **पृथ्वी** पर जन्म लिया था।
2. शांतनु के बाद उनका पुत्र **पांडु** हस्तिनापुर के राज-सिंहासन पर बैठा।

3. हस्तिनापुर उनकी **राजधानी** थी।
4. **महाभारत** कथाओं का **विशालतम** ग्रंथ है।

**ग. उत्तर बताइए–**

1. विद्वानों ने महाभारत को पंचम वेद कहकर पुकारा।
2. शांतनु भारत के राजा थे।
3. महाराज पाण्डु के कुंती ओर माद्री नामक दो रानियाँ थीं। कुंती के तीन पुत्र हुए–युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन। माद्री ने दो पुत्रों–नकुल और सहदेव को जन्म दिया। पांडु के पुत्र पांडव कहलाए।
4. गांधारी को सौ पुत्र हुए। ये सभी दुष्ट स्वभाव के और ईर्ष्यालु थे। उनमें दुर्योधन सबसे बड़ा था। वह पांडवों के प्रति द्वेष भाव रखता था।
5. योजनानुसार पुरोचन के आदमियों ने मशाल जलाकर बाहर से लाक्षागृह में आग लगा दी। पुरोचन लाक्षागृह में जलकर ढेर हो गया। आग लगते ही पांडव सुरंग के द्वार से बाहर निकल गए। पांडव माता कुंती के साथ सुरक्षित वन में निकल गए।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**घ. विलोम शब्द लिखिए–**

1. अन्याय – **न्याय**
2. विरुद्ध – **समर्थन**
3. दूर – **पास**
4. भला – **बुरा**
5. आदर – **अनादर**
6. स्वागत – **तिरस्कार**

**ङ. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

1. अनन्त – महाभारत का ज्ञान **अनंत** है।
2. षड्यंत्र – दुर्योधन ने लाक्षागृह का **षड्यंत्र** रचा।
3. ढेर – लाक्षागृह में कई लोग जलकर ढेर हो गए।
4. ईर्ष्यालु – शकुनि **ईर्ष्यालु** स्वभाव का था।

## 20. गिद्ध और बिलार की कथा

**अभ्यास**

**क. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए–**

1. (✗) 2. (✓) 3. (✗) 4. (✗) 5. (✓) 6. (✗)

**ख. उत्तर बताइए–**

1. गृधकूट पर्वत राजगीर में स्थित है।
2. ज्यादा उम्र होने के कारण गिद्ध की आँखें कमजोर हो गई थीं। उसके नाखून भी घिस गए थे। वह ठीक से उड़ भी नहीं पाता था। उसे देखकर उस पेड़ के पक्षियों को दया आ गई।
3. दिन में जब पक्षी पेड़ पर न होते तो बूढ़ा गिद्ध उनके बच्चों की देखभाल करता था।
4. पक्षियों के बच्चे बिलार ने खाए।
5. बिलार हड्डियों को एक पेड़ के खोखल में डालता था।
6. पक्षियों ने अपने बच्चों की खोज शुरू की तो देखा कि एक खोखल में उनके बच्चों की हड्डियों का ढेर लगा है। पक्षियों ने समझा कि यही वृद्ध गिद्ध रोज हमारे बच्चों का खा

जाता है। यह सोचकर सबने मिलकर उस निरपराध गिद्ध पर हमला कर दिया। सबने चोंचें मार-मारकर और पंजों से नोच-नोचकर उसे मार डाला।

**भाषा ज्ञान आलोचनात्मक सोच**

**ग. विलोम शब्द लिखिए–**

1. वृद्‌ध – **युवा**
2. प्रातःकाल – **सायंकाल**
3. पाप – **पुण्य**
4. सुख – **दुःख**
5. प्रतिदिन – **यदा-कदा**
6. धर्मात्मा – **दुष्टात्मा**

**घ. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–**

1. पाप – बिलार ने कई **पाप** किए थे।
2. स्नान – वह रोज गंगा में **स्नान** करता था।
3. स्वभाव – गिद्ध का **स्वभाव** अच्छा था।
4. देर – वह **देर** तक घर नहीं लौटा।
5. हमला – पक्षियों ने गिद्ध पर **हमला** कर दिया।

**ङ. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए–**

1. नदी – **सरिता तटिनी**
